हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद
CIN U20299DL 1986NPL023253
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS
"EPCH HOUSE" POCKET 6 & 7, SECTOR - C, L.S.C., VASANT KUNJ, NEW DELHI-110 070
Tel.: +91-11-26135256 / 57 / 58
Fax: +91-11-26135518 / 19
E-mail: mails@epch.com
Web : www.epch.in

IHGF DELHI FAIR 12-16 October 2023 Autumn
DELHIFAIR FURNITURE

# प्रेस विज्ञप्ति (दूसरा दिन)

## ऑटम 2023 में 56वें आईएचजीएफ दिल्ली फेयर ऑटम और दिल्ली फेयर- फर्नीचर का आयोजन

## 12– 16 अक्टूबर, 2023; इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा

## मेले को मिली सराहना, दूसरे दिन जानकारियों से भरपूर नॉलेज सेमिनार और बिजनेस नेटवर्किंग का आयोजन

## चेयरमैन श्री जी. के. पिल्लई के नेतृत्व में आरओडीटीईपी कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने दौरा किया

## 3000+ प्रदर्शक, 14 डिस्प्ले खंड, 100+ देशों से पूर्व पंजीकृक खरीदार, क्षेत्रीय शिल्प और नॉलेज सेमिनार

**ग्रेटर नोएडा/दिल्ली एनसीआ – 13 अक्टूबर 2023 -** ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के इंडिया एक्सपो सेंटर ऐंड मार्ट में 12 से 16 अक्टूबर 2023 तक आयोजित किए जा रहे 56वें आईएचजीएफ दिल्ली फेयर- ऑटम और दिल्ली फेयर फर्नीचर 2023 का दूसरा दिन कई देशों से यहां बिजनेस नेटवर्किंग करने पहुंचे खरीदारों की वजह से काफी व्यस्त रहा। उन्होंने यहां प्रदर्शित नई रेंज की काफी सराहना की और कुछ ने तो अपने ऑर्डर को भी अंतिम रूप दे दिया।

ईपीसीएच के अध्यक्ष श्री दिलीप बैद ने कहा, "हमारे कुछ खरीदार भारत के हस्तनिर्मित उत्पादों की गुणवत्ता और विविधता की तारीफ कर रहे हैं तो कुछ भारतीय बिजनेस व्यवस्था की सराहना की।" तमारा ब्रायंट, अमेरिका से एक नियमित खरीदार हैं जो यहां डेकोर, दैनिक उपयोग और फर्नीचर के उत्पादों को खरीदने आती हैं। वे कहती हैं, "मैं पिछले 18 साल से भारत में बिजनेस कर रही हूं और मेरे पास भारतीय विक्रेताओं में आई प्रगति को देखने के खुद का प्रत्यक्ष अनुभव है। पिछले एक दशक के दौरान भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता और विविधता में बढ़ोतरी हुई है। उत्पादों के निर्माता इन्हें बनाने की शुरुआत से लेकर इसे निर्यात करने तक पूरी प्रक्रिया का खास ख्याल रखते हैं।" एक अन्य खरीदार ऑस्ट्रेलिया की सुजैन ने कॉटन और प्रिंट के साथ आकर्षक और आरामदायक प्राकृतिक डाइ किए सिल्कों की अपनी रुचि साझा की। उन्होंने आगे कहा, "ऑस्ट्रेलिया बेहतरीन लचीलेपन वाले अच्छे क्वालिटी के उत्पादों को पसंद करते हैं. इसलिए मैं एक्सक्लूसिव चीजों के लिए हूं, मैं बहुत बड़े पैमाने पर उत्पादों को नहीं खरीद रही."

ईसीपीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर के वर्मा ने बताया कि आज का दिन आरओडीटीईपी समिति के चेयरमैन श्री जी. के. पिल्लई; वित्त मंत्रालय के आरओडीटीईपी समिति के सदस्य श्री गौतम रे; के साथ वित्त मंत्रालय के उच्चाधिकारियों के दौरे की वजह से खास था। उन्होंने विभिन्न शिल्प समूहों की विभिन्न उत्पाद श्रेणियों के स्टालों का दौरा किया। इसके बाद, आरओडीटीईपी के चेयरमैन ने निर्यातकों के साथ बातचीत की और सदस्य निर्यातकों के बीच उचित डेटा प्रारूपों के माध्यम से प्रस्तुत किए जाने वाले इनपुट के आधार पर ड्यूटी में छूट पर विचार करने की बात कही। ईपीसीएच निर्यात उत्पादों पर इन शुल्कों को हटाने, उन्हें लागत-प्रतिस्पर्धी बनाने और वैश्विक बाजार में उनके लिए समान अवसर बनाने के लिए संबंधित सरकारी विभागों में प्रतिनिधित्व कर रहा है।

इस मामले पर आज हुई बैठक में ईपीसीएच के अध्यक्ष श्री दिलीप बैद; श्री नरेश बोथरा, अध्यक्ष, आईएचजीएफ दिल्ली मेला ऑटम'23/फर्नीचर मेला'23, श्री ओ.पी. प्रह्लादका, श्री राज कुमार मल्होत्रा, श्री अवदेश अग्रवाल, श्री हंसराज बाहेती, श्री गिरीश अग्रवाल, श्री हेमंत जुनेजा, श्री रजत अस्थाना, श्री के.एल. रमेश, प्रशासन समिति के सदस्य – ईपीसीएच, श्री राजेंद्र गुप्ता प्रमुख सदस्य निर्यातक और अन्य प्रमुख सदस्य निर्यातक शामिल रहे।

मेले का दौरा श्री राजेंद्र अग्रवाल, माननीय सांसद-मेरठ और श्री मानवेंद्र सिंह आईएएस, डीएम-मुरादाबाद ने भी किया।

आईएचजीएफ दिल्ली फेयर ऑटम'23/फर्नीचर फेयर'23 के अध्यक्ष श्री नरेश बोथरा ने बताया कि आज विशेषज्ञों के साथ सेमिनार आयोजित किए गए जिसमें सदस्य निर्यातकों और उनके कर्मियों ने भाग लिया। ग्लोबल सप्लाईचेन, इंटरनेशनल शिपिंग और इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस पर वरिष्ठ विशेषज्ञ के साथ आपूर्ति श्रृंखलाओं को अनुकूलित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मल्टी-मोडल परिवहन का लाभ उठाने पर सेमिनार मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स समाधानों के माध्यम से कार्गो की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता पर था; सही इन्कोटर्म का उचित इस्तेमाल; समुद्री माल प्रबंधन; मल्टी-मॉडल परिवहन में लागत कारकों का विश्लेषण करना; और सप्लाई चेन को समझना. एक और सेमिनार कल के सौंदर्य को अपनाने, भविष्य के डेकोर और फर्नीचर ट्रेंड पर अमेरिकी फैशन फोरकास्ट एजेंसी के वक्ता और जर्मनी के सलाहकार के द्वारा आयोजित किया गया. इसमें दी गई जानकारियों उपस्थित लोगों के लिए बेहतरीन उदाहरण और बहुत ज्ञानवर्धक थे।

ईपीसीएच दुनिया भर के देशों में भारतीय हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने और उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प उत्पादों और सेवाओं के एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में विदेशों में भारत की छवि और होम, लाइफस्टाइल, कपड़ा, फर्नीचर और फैशन आभूषण और सहायक उपकरण के उत्पादन में लगे क्राफ्ट क्लस्टर के लाखों कारीगरों और शिल्पकारों के प्रतिभाशाली हाथों के जादू की ब्रांड इमेज बनाने के लिए जिम्मेदार एक नोडल संस्थान है. ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर के वर्मा ने सूचित किया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान हस्तशिल्प निर्यात 30,019.24 करोड़ रुपये (3728.47 मिलियन डॉलर) रहा।

---

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें**:**
श्री आर. के. वर्मा, कार्यकारी निदेशक- ईपीसीएच

+91-9810697868

**PRESS RELEASE DAY 2**

**56th IHGF Delhi Fair Autumn and Delhi Fair-Furniture herald AUTUMN 2023**

**12th– 16th October 2023; India Expo Centre, Greater Noida**

# Insightful Knowledge Seminars and business networking mark second day as fair garners commendable reviews

## Delegation from RoDTEP Committee headed by Chairman, Shri G K Pillai visit

### 3000+ EXHIBITORS, 14 DISPLAY SEGMENTS, PRE-REGISTERED BUYERS FROM 100+ NATIONS,
### REGIONAL CRAFTS AND KNOWLEDGE SEMINARS

**Greater Noida/Delhi NCR – 13th October 2023 -** The 56th edition of IHGF-Delhi Fair – Autumn and Delhi Fair Furniture 2023 being held concurrently from 12th to 16th October 2023 at India Expo Centre & Mart, Greater Noida Expressway had a busy second day as buyers from several nations visited for business networking. They have appreciated the new ranges and some have already finalised orders.

Mr. Dileep Baid, Chairman, EPCH, said, "some of our buyers are appreciating quality and variety of Indian handcrafted products while some admire how Indian businesses conduct themselves." Tamra Bryant, a regular buyer from USA who is here to source products of decor, daily use and furniture said, "I am doing business in India since 18 years and I have a first-hand experience in witnessing the major progress in the sophistication of Indian vendors. The quality and variety of Indian products has increased over the decade. The makers of the products take significant care of the whole process from manufacturing till exporting." Another buyer, Susanne from Australia shared her interest in cottons and prints as well as natural dyed silks in flattering and comfortable handcrafted apparel from India. "Australians enjoy good quality products with superior materials and flexibility. So, I am here for exclusives, not looking for mass products," she emphasised.

Mr. R K Verma, Executive Director, EPCH informed that today was also significant with the visit of Shri. G.K.Pillai, Chairman RoDTEP Committee (RoDTEP stands for the Remission of Duties or Taxes on Export Products Scheme); and Mr. Gautam Ray, Member-RoDTEP Committee, along with Sr. Officers from Ministry of Finance, Govt. of India. They visited the stalls across various product categories from various craft cluster. Thereafter, the Chairman-RoDTEP interacted with the exporters and discussed the reasonably considering remission of duties, based on inputs to be submitted through the relevant data formats circulated amongst member exporters. EPCH has been making representations at the concerned Govt. departments towards remission of these duties on export products, to make them cost-competitive and create a level playing field for them in the global market. The meeting held

today on this matter was attended by Mr. Dileep Baid, Chairman, EPCH; Mr. Naresh Bothra, President, IHGF Delhi Fair Autumn'23 / Furniture Fair'23, Member(s) of Committee of Administration – EPCH Mr. O.P Prahladka, Mr. Raj Kumar Malhotra, Mr. Avdesh Agarwal, Mr. Hansraj Baheti, Mr. Girish Agarwal, Mr. Hemant Juneja, Mr. Rajat Asthana, Mr. K. L. Ramesh, and Mr. Rajendra Gupta prominent member exporters alongwith other prominent member exporters.

The fair was also visited by Shri Rajendra Agrawal, Hon'ble Member of Parliament – Meerut and Shri Manvendra Singh IAS, DM - Moradabad.

Mr. Naresh Bothra, President, IHGF Delhi Fair Autumn'23 / Furniture Fair'23 informed that seminars with expert faculty were held today and were well-attended by member exporters and their personnel. The seminar on Leveraging International Multi-Modal Transportation to optimize Supply Chains with senior expert on Global Supply-Chain, International Shipping & Integrated Logistics Solutions was on global competitiveness of cargo through multimodal logistics solutions; correct use of right incoterms; ocean freight management; analysing the cost factors in multi-modal transportation; and understanding supply chain efficiency. Another seminar on Embracing tomorrow's Aesthetics: Upcoming Decor & Furniture Trends was taken up by a speaker from a US based fashion forecasting agency and consultant from Germany. These were illustrative and very informative for the attendees.

Export Promotion Council for the Handicrafts is a nodal organization for promotion of exports of handicrafts from the Country and create brand image of magic of the gifted hands of millions of artisans and crafts persons engaged in production of home, lifestyle, textiles, furniture, and fashion jewellery & accessories in craft clusters of the Country. The overall Handicrafts exports during the year 2022-23 was Rs. 30,019.24 Crores (US $ 3,728.47 Million) informed Shri R. K. Verma, Executive Director - EPCH.

-----------------------------------------------------------------------------------------------------

**For more information please contact:**
Shri. R. K. Verma, Executive Director – EPCH;

+91-9810697868

Encl: Hindi, English with Photos


ESH BOTHRA
GAUTAM RAY
G. K. PILLAI
EEP BAID




EPCH Wood Test Lab
GET YOUR FURNITURE TESTED NOW!
VRIKSH
India's Timber Legality Standard
SUSTAINABILITY through LEGALITY
Sustainable Trading
Spur Economic Growth
&



PHOTO 1,2,3 & 4 - Shri. G.K.Pillai, Chairman RoDTEP Committee (RoDTEP stands for the Remission of Duties or Taxes on Export Products Scheme); Mr. Gautam Ray, Member-RoDTEP Committee and Sr. Officers from Ministry of Finance, Govt. of India visited today the IHGF Delhi Fair and Delhi Fair-Furniture 2023 and interacted with member participants of EPCH alongwith Shri Dileep Baid, Chairman-EPCH, Mr. Naresh Bothra, President, IHGF Delhi Fair Autumn’23, Mr. R. K. Verma, Executive Director-EPCH







Photo 5 & 6: EPCH organised an awareness seminar on “Leveraging International Multi-Modal Transportation to optimize Supply Chains”; “Embracing tomorrow's Aesthetics: Upcoming Decor & Furniture Trends” with large number of member participants of 56th edition of IHGF-Delhi Fair – Autumn and Delhi Fair Furniture 2023




Photo 7: Overseas buyers sourcing Handicrafts products during 56th edition of IHGF-Delhi Fair – Autumn and Delhi Fair Furniture 2023



Photo 8: Shri Manvendra Singh IAS, DM – Moradabad visited 56th edition of IHGF-Delhi Fair – Autumn and Delhi Fair Furniture 2023